Adda247 GET IT ON Google Play



भाग - V

हिन्दी

121. सही शब्द है
(1) उज्वल
(2) उज्जवल
(3) उज्ज्वल
(4) उज्वल्ल

122. 'प्रेम' का वर्ण-विच्छेद होगा
(1) प् + र् + ए + म् + अ
(2) प् + अ + र् + ए + म् + अ
(3) प् + र् + ए + म्
(4) प् + र् + ऐ + म् + अ

123. अनुस्वार के संबंध में कौन सा विकल्प उपयुक्त नहीं है ?
(1) अनुस्वार का उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है ।
(2) अनुस्वार नासिक्य व्यंजन होता है ।
(3) अनुस्वार को —ं— रूप में दर्शाया जाता है ।
(4) अनुस्वार को —ँ— रूप में दर्शाया जाता है ।

124. कौन सी लिपि दाईं ओर से बाईं ओर लिखी जाती है ?
(1) रोमन
(2) देवनागरी
(3) फ़ारसी
(4) रूसी

125. कौन सी भाषा द्रविड़ परिवार की नहीं है ?
(1) कन्नड़
(2) मलयालम
(3) बंगाली
(4) तेलुगू

126. 'ह्रस्व' का विलोम होगा
(1) लंबा
(2) विशाल
(3) दीर्घ
(4) बड़ा

127. 'झाँसी की रानी' किस प्रकार का उपन्यास है ?
(1) तिलस्मी
(2) सामाजिक
(3) ऐतिहासिक
(4) जासूसी

128. किस कवि का संबंध प्रगतिवाद से नहीं है ?
(1) रामदरश मिश्र
(2) मुक्तिबोध
(3) त्रिलोचन
(4) नागार्जुन

129. रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून ।
पानी गये न ऊबरै, मोती, मानस, चून ।।
इस दोहे में कौन सा अलंकार है ?
(1) वक्रोक्ति अलंकार
(2) श्लेष अलंकार
(3) अर्थालंकार
(4) विभावना

130. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' आत्मकथात्मक पुस्तक का रचनाकार कौन है ?
(1) कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर
(2) हरिवंशराय बच्चन
(3) चतुरसेन शास्त्री
(4) शिवपूजन सहाय

131. मनुष्य होने पर रसखान ने कहाँ बसने की इच्छा व्यक्त की है ?
(1) गोकुल के गाँव में ।
(2) मथुरा नगर में ।
(3) घने जंगल में ।
(4) नदी के किनारे ।

132. भारत की संपर्क भाषा है
(1) अंग्रेजी
(2) हिंदी
(3) उर्दू
(4) मराठी

ctetadda.com

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play



133. 'मुझे चाँद चाहिए' की नायिका कौन हैं ?
(1) मृणाल
(2) निर्मला
(3) सुनीता
(4) वर्षा वशिष्ट

134. 'कबहूँ जोग बियोग न जाके ।
देखा प्रगट बिरह दुखु ताके ।।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ कहाँ से उद्धृत हैं और रचनाकार कौन हैं ?
(1) गीतावली और तुलसीदास
(2) सूर-सागर और सूरदास
(3) पद्मावत और जायसी
(4) रामचरितमानस और तुलसीदास

135. कबीरदास को मानवतावादी कवि क्यों कहा जाता है ?
(1) वे मानव थे ।
(2) वे मानव के बीच नहीं रहते थे ।
(3) उन्होंने मानव-मानव में भेद न करते हुए सबके उत्थान की बातें की ।
(4) मानव की पीड़ा की परवाह नहीं की ।

136. 'वह आता
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता ।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से हैं और इनके रचनाकार कौन हैं ?
(1) मजदूर और सुमित्रानंदन पंत
(2) भिक्षुक और ललित शुक्ल
(3) किसान और केदारनाथ अग्रवाल
(4) भिक्षुक और सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

137. जैनेंद्र के किस उपन्यास पर फीचर फिल्म बनी है ?
(1) कल्याणी
(2) त्यागपत्र
(3) परख
(4) सुनीता

138. छायावाद की प्रमुख विशेषता है
(1) यथातथ्य निरूपण
(2) संवाद कौशल
(3) पलायनवादी प्रवृत्ति
(4) प्रकृति का मानवीकरण

139. 'अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम' – किस कवि ने कहा था ?
(1) सुंदरदास
(2) श्यामसुंदर
(3) मलूकदास
(4) दादूदयाल

140. सूरदास की अधिकतर रचनाएँ किस भाषा में हैं ?
(1) अवधी
(2) अपभ्रंश
(3) ब्रजभाषा
(4) भोजपुरी

141. 'मैथिल कोकिल' के नाम से कौन कवि जाना जाता है ?
(1) विद्यापति
(2) अमीर खुसरो
(3) मलिक मुहम्मद जायसी
(4) भूषण

142. 'मैं नीर भरी दुख की बदली' – किसकी पंक्ति है ?
(1) सुभद्राकुमारी चौहान
(2) महादेवी वर्मा
(3) निर्मला जैन
(4) इंदु जैन

143. महादेवी ने 'गौरा' संस्मरण किस पर लिखा है ?
(1) गिलहरी
(2) गाय
(3) हिरनी
(4) कुत्तिया

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



144. निम्नलिखित में से कौन सा रचनाकार छायावाद के चार स्तंभों में से नहीं है ?
(1) जयशंकर प्रसाद
(2) महादेवी वर्मा
(3) मैथिलीशरण गुप्त
(4) सुमित्रानंदन पंत

145. आठ भागों में प्रेमचंद की कहानियाँ किस नाम से संकलित हैं ?
(1) मानसरोवर
(2) ज्ञान सरोवर
(3) प्रेमचंद की कहानियाँ
(4) नमक का दारोगा

146. कर-सरोज जयमाल उठाई ।
प्रेम विवश पहिराइ न जाई ।।
उपर्युक्त पंक्तियों में निहित प्रमुख अलंकार है :
(1) उपमा
(2) उत्प्रेक्षा
(3) रूपक
(4) अनुप्रास

147. निम्नलिखित काव्यांश में अलंकार हैं :
हीरे सा हृदय हमारा
कुचला शिरीष कोमल ने
a. उपमा
b. श्लेष
c. उत्प्रेक्षा
d. अनुप्रास
(1) a, b
(2) b, c
(3) c, d
(4) a, d

148. प्रसाद की किस कृति का अन्य भाषाओं में भी अनुवाद हुआ है ?
(1) लहर
(2) झरना
(3) कामायनी
(4) स्कंदगुप्त

149. 'अशोक के फूल' निबंध का रचयिता कौन है ?
(1) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(2) विद्यानिवास मिश्र
(3) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी
(4) कुबेरनाथ राय

150. 'मैला आँचल' उपन्यास किस अँचल से जुड़ा है ?
(1) बुंदेलखंड
(2) पूर्णिया
(3) छत्तीसगढ़
(4) अवध

151. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक हैं
(1) जयशंकर प्रसाद
(2) रामवृक्ष बेनीपुरी
(3) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(4) वृन्दावनलाल वर्मा

152. 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को किस रूप में स्वीकृत किया गया ?
(1) राष्ट्रभाषा
(2) भारत संघ की राजभाषा
(3) संपर्क भाषा
(4) मानक भाषा

153. कौन सी भाषा रोमन लिपि में नहीं लिखी जाती ?
(1) जर्मन
(2) अंग्रेज़ी
(3) चीनी
(4) फ्राँसीसी

154. निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन सी विशेषता छायावाद की नहीं है ?
(1) प्रकृति चित्रण
(2) दार्शनिकता
(3) वीर रस की प्रधानता
(4) प्रेम वर्णन

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



155. आँचलिक उपन्यासों और उनके लेखकों के नामों का मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | बलचनमा | i. | फणीश्वरनाथ रेणु |
| B. | परती परिकथा | ii. | राही मासूम रजा |
| C. | करिये छिमा | iii. | नागार्जुन |
| D. | टोपी शुक्ला | iv. | शैलेष मटियानी |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | iv | ii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | ii | i | iii | iv |

156. निम्नलिखित वाक्य रचना की दृष्टि से किस भेद के अंतर्गत आएगा ?
"जैसी नीयत होती है, अल्लाह भी वैसी ही बरकत देता है ।"
(1) सरल वाक्य
(2) संयुक्त वाक्य
(3) मिश्र वाक्य
(4) महा वाक्य

157. निम्नलिखित वाक्य में प्रधान उपवाक्य है :
मेरा यह सोचना कि लोकेश प्रतिभाशाली छात्र है, सही निकला ।
(1) मेरा यह सोचना
(2) लोकेश प्रतिभाशाली छात्र है
(3) सही निकला
(4) मेरा यह सोचना, सही निकला

158. वे शब्दांश जो शब्द के आरंभ में लगकर नए शब्द का निर्माण करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?
(1) प्रत्यय
(2) उपसर्ग
(3) पद
(4) पदबंध

159. रेखांकित पद का कारक पहचान कर सही विकल्प चुनिए :
उसने अपने <u>मित्र को</u> दो पुस्तकें दीं ।
(1) कर्ता
(2) संबंध
(3) कर्म
(4) संप्रदान

160. निर्गुण भक्ति के कवि नहीं है
(1) रैदास
(2) कबीरदास
(3) दादू
(4) श्री रामानुजाचार्य

161. <u>पुरस्कार पाने वालों में कुछ</u> हमारे विद्यालय के छात्र हैं ।
रेखांकित पदबंध है :
(1) संज्ञा
(2) विशेषण
(3) क्रिया
(4) क्रिया-विशेषण

162. आप वहाँ <u>मत</u> जाइए ।
रेखांकित पद का पद-परिचय होगा :
(1) निषेधवाचक अव्यय
(2) निपात
(3) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'जाइए' क्रिया का विशेषण
(4) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण, 'जाइए' क्रिया का विशेषण

163. किस वाक्य में संयुक्त क्रिया नहीं है ?
(1) तुमने तो मार डाला
(2) तुम दूध पी लेना
(3) खाना खा लिया ?
(4) पढ़ाई कर चुके ?

164. किस वाक्य में विधेय विशेषण है ?
(1) सुशीला बढ़िया काम करती है
(2) पके फल ही प्रयोग में लाने चाहिए
(3) सभी को नीली छतरी चाहिए
(4) मेहुल का घर आलीशान है

165. निशा शब्द का समानार्थी है
(1) अंधकार
(2) जुगनू
(3) परिंदा
(4) रात्रि

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



X1

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न सं. 166 से 170 तक पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए :

संसार के अनेक महान् पुरुष मित्रों की बदौलत बड़े-बड़े कार्य करने में समर्थ हुए हैं । मित्रों ने उनके हृदय के उच्च भावों को सहारा दिया है । मित्रों ही के दृष्टान्तों को देख देखकर उन्होंने अपने हृदय को दृढ़ किया है । अहा ! मित्रों ने कितने मनुष्यों के जीवन को साधु और श्रेष्ठ बनाया है, उन्हें मूर्खता और कुमार्ग के गड्ढों से निकालकर सात्विकता के पवित्र शिखर पर पहुँचाया है । मित्र उन्हें सुन्दर मन्त्रणा और सहारा देने के लिए सदा उद्यत रहते हैं, जिनके सुख और सौभाग्य की चिन्ता वे निरन्तर करते रहते हैं । ऐसे भी मित्र होते हैं जो विवेक को जाग्रत करना और कर्त्तव्य बुद्धि को उत्तेजित करना जानते हैं । ऐसे भी मित्र होते हैं जो टूटे जी को जोड़ना और लड़खड़ाते पाँवों को ठहराना जानते हैं । बहुतेरे मित्र हैं जो ऐसे दृढ़ आशय और उद्देश्य की स्थापना करते हैं जिनसे कर्मक्षेत्र में आप भी श्रेष्ठ बनते हैं और दूसरों को भी श्रेष्ठ बनाते हैं । मित्रता जीवन और मरण के मार्ग में सहारे के लिए है । यह सैरसपाटे और अच्छे दिनों के लिए भी है तथा संकट और विपत्ति के बुरे दिनों के लिए भी है । यह हँसी-दिल्लगी के गुलछर्रों में भी साथ देती है और धर्म के मार्ग में भी । मित्रों को एक-दूसरे के जीवन के कर्त्तव्यों को उन्नत करके उन्हें साहस, बुद्धि और एकता द्वारा चमकाना चाहिए । हमें अपने मित्र से कहना चाहिए – 'मित्र ! अपना हाथ बढ़ाओ । यह जीवन और मरण में हमारा सहारा होगा । तुम्हारे द्वारा मेरी भलाई होगी पर यह नहीं कि सारा ऋण मेरे ही ऊपर रहे, तुम्हारा भी उपकार होगा, जो कुछ तुम करोगे उससे तुम्हारा भी भला होगा ।'

166. मित्रों ने मनुष्यों के जीवन को साधु और श्रेष्ठ कैसे बनाया है ?
(1) मूर्खता और कुमार्ग से हटाकर ।
(2) आर्थिक सहायता कर ।
(3) पड़ोसियों से मदद माँगकर ।
(4) सामाजिक उत्थान कर ।

167. अच्छे मित्र मित्रों की किन चीजों की चिन्ता करते हैं ?
(1) आर्थिक उपार्जन की ।
(2) जीवन में अनेक साधन जुटाने की ।
(3) सुख और सौभाग्य की ।
(4) सामाजिक उन्नति की ।

168. कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ बनाने के लिए अच्छे मित्र क्या करते हैं ?
(1) तरह-तरह से जी बहलाना ।
(2) दृढ़ आशय और उद्देश्य की स्थापना ।
(3) कर्म करने के लिए प्रेरित करना ।
(4) माता-पिता का आदर करने की शिक्षा देना ।

169. जीवन में उन्नति के लिए किन-किन चीजों की आवश्यकता है ?
(1) आसरा, संकोच और परदुखकातरता
(2) छल कपट, दुर्व्यवहार और डर
(3) साहस, बुद्धि और एकता
(4) चालाकी, धूर्तता और फरेब

170. संसार के अनेक महापुरुष बड़े-बड़े कार्य करने में किसकी बदौलत सफल हुए हैं ?
(1) पड़ोसियों के ।
(2) परिवार के ।
(3) समाज के ।
(4) मित्रों के ।

Adda247 GET IT ON Google Play



171. सुमित्रानंदन पंत की रचनाएँ मुख्यत: किस युग से संवद्ध हैं ?
(1) प्रगतिवाद युग
(2) द्विवेदी युग
(3) छायावादोत्तर युग
(4) छायावाद युग

172. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने अपनी पुत्री की याद में कौन सी कविता लिखी ?
(1) कल्याणी
(2) सुनीता-स्मृति
(3) सरोज-स्मृति
(4) तुम और मैं

173. 'लहर' किस विधा की रचना है ?
(1) नाटक
(2) काव्य
(3) निबंध
(4) उपन्यास

174. 'खड़ीबोली' का पहला महाकाव्य है
(1) प्रिय प्रवास
(2) यशोधरा
(3) रामचरित-चिंतामणि
(4) मानसी

175. तुलसीदास की प्रमुख रचना है
(1) रामायण
(2) रामचरितमानस
(3) कीर्तनावली
(4) रामरासो

176. गोदान उपन्यास की नायिका है
(1) धनिया
(2) अनुजा
(3) रानी
(4) निर्मला

177. 'पृथ्वीराजरासो' किस काल और रचनाकार की रचना है ?

| | काल | | रचनाकार |
|---|---|---|---|
| a. | आधुनिक काल | a. | चंदबरदायी |
| b. | आदिकाल | b. | जगनिक |
| c. | भक्तिकाल | c. | नरपति |
| d. | रीतिकाल | d. | अमीर खुसरो |

(1) a, d
(2) b, a
(3) c, b
(4) d, c

178. धर्मवीर भारती का नाटक, जिसमें महाभारत के कथानक को लेकर आधुनिक युग के अनुकूल अर्थ प्रस्तुत किया गया है
(1) स्कंदगुप्त
(2) अंधायुग
(3) लहरों का राजहंस
(4) आषाढ़ का एक दिन

179. 'कलम का सिपाही' किसकी जीवनी है और किसने लिखी है ?
(1) प्रेमचंद और अमृतराय
(2) अमृतराय और प्रेमचंद
(3) यशपाल जैन और जैनेंद्र कुमार
(4) जैनेंद्र कुमार और यशपाल जैन

180. 'खंजन नयन' के रचनाकार हैं
(1) भीष्म साहनी
(2) अमृता प्रीतम
(3) मोहन राकेश
(4) अमृतलाल नागर

181. निम्नलिखित में से 'अष्टछाप' के एक कवि हैं :
(1) श्री वल्लभाचार्य
(2) स्वामी विट्ठलनाथ
(3) विद्यापति
(4) कृष्णदास

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



182. 'नागफनी का देश' किस काल की रचना है ?
(1) आधुनिक काल
(2) भक्तिकाल
(3) रीतिकाल
(4) आदिकाल

183. निम्नलिखित पंक्ति में शब्दशक्ति है :
'शेर शिवा ने अफ़ज़ल-गज को पल में किया पराजित ।'
(1) अभिधा
(2) व्यंजना
(3) लक्षणा
(4) शाब्दी व्यंजना

184. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य-विधेय है :
नदी-तट का रमणीय दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया ।

| उद्देश्य | विधेय |
| --- | --- |
| i. नदी-तट का | a. रमणीय दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया । |
| ii. नदी-तट का रमणीय | b. दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया । |
| iii. नदी-तट का रमणीय दृश्य | c. मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया । |
| iv. नदी-तट का रमणीय दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर | d. पूरी तरह छा गया । |

(1) i, b
(2) ii, d
(3) iii, c
(4) iv, a

185. इलाचंद्र जोशी के उपन्यास 'जहाज का पंछी' को किस श्रेणी में रखा जा सकता है ?
(1) ऐतिहासिक
(2) सामाजिक
(3) मनोवैज्ञानिक
(4) आत्मकथात्मक

186. निम्नलिखित काव्यांश में अलंकार हैं :
रवि को चहत सरोज ज्यों, ससि को चहत चकोर ।
घन को चाहत मोर ज्यों, त्यों तुम को मन मोर ।।
a. उपमा
b. रूपक
c. श्लेष
d. यमक
(1) a, b
(2) b, c
(3) c, d
(4) a, c

187. 'आधे-अधूरे' नाटक का रचनाकार कौन है ?
(1) विष्णु प्रभाकर
(2) डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल
(3) मोहन राकेश
(4) सफ़दर हाशमी

188. कृष्णकाव्य का अधिकांश साहित्य मुख्यत: किस भाषा में है ?
(1) ब्रजभाषा
(2) अवधी
(3) खड़ीबोली
(4) भोजपुरी

189. आजकल मौसम बदलने लगा है –
रेखांकित पद का पद-परिचय होगा –
(1) विशेषण, 'मौसम' विशेष्य का विशेषण, पुल्लिंग एकवचन
(2) रीति वाचक क्रियाविशेषण, 'है' क्रिया का विशेषण
(3) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'बदलने लगा है' क्रिया का विशेषण
(4) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'लगा' क्रिया का विशेषण

190. निम्नलिखित पद्यांश में अलंकार है :
झरनों का पानी लेकर गज छिड़क रहे मतवाले ।
मानो जल बरस रहे हों सावन घन काले-काले ।।
(1) उपमा
(2) श्लेष
(3) यमक
(4) उत्प्रेक्षा

adda247.com

Adda247 GET IT ON Google Play



191. 'कौशल' का पर्यायवाची नहीं है
(1) दक्षता
(2) कुशलता
(3) अभ्यागत
(4) पटुता

192. वह तो घर ____ बैठा था ।
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त अव्यय और उसका भेद होगा
(1) के बाहर – स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(2) में – अधिकरण कारक
(3) के सामने – समुच्चयबोधक अव्यय
(4) के भीतर – संबंधबोधक अव्यय

193. निम्नलिखित वाक्य में रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा / लोकोक्ति है :
आतंकवाद का मुकावला ________ नहीं है ।
(1) भीगी बिल्ली होना
(2) बहती गंगा में हाथ धोना
(3) बाएँ हाथ का खेल
(4) मक्खी मारना

194. बीसलदेवरासो के रचयिता का नाम है
(1) जगनिक
(2) चन्दबरदाई
(3) दलपति विजय
(4) नरपति नाल्ह

195. 'बाण' के पर्यायवाची के लिए कौन सा विकल्प उचित है ?
(1) शर, शिलीमुख
(2) तीर, विभूति
(3) सायक, वार
(4) शर, तोप

196. 'अत्यधिक' का संधि-विच्छेद है
(1) अत्या + धिक
(2) अत्य + धिक
(3) अति + अधिक
(4) अत्य + अधिक

197. सूफी काव्यधारा के पहले कवि हैं
(1) मलिक मुहम्मद जायसी
(2) मुल्ला दाऊद
(3) कुतुबन
(4) मंझन

198. सिद्ध कवि सरहपा की रचना का नाम है
(1) प्राकृत पैंगलम
(2) पउमचरिउ
(3) दोहा कोश
(4) संदेश रासक

199. रीति मुक्त कवि कौन हैं ?
(1) देव
(2) बिहारी
(3) पद्माकर
(4) घनानन्द

200. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य-विधेय है :
कल हमारे विद्यालय के बच्चों ने नाटक देखा ।

| | उद्देश्य | | विधेय |
|---|---|---|---|
| a. | कल हमारे विद्यालय के | a. | कल; नाटक देखा |
| b. | कल हमारे विद्यालय के बच्चों ने | b. | बच्चों ने नाटक देखा |
| c. | बच्चों ने | c. | कल हमारे विद्यालय के; नाटक देखा |
| d. | हमारे विद्यालय के बच्चों ने | d. | नाटक देखा |

(1) a, b
(2) b, d
(3) d, a
(4) c, c

adda247.com